Regarding construction of Barat Ghar in Uttar Pradesh

श्री आनंद भदौरिया: सभापति महोदया, धन्यवाद ।

महोदया, आपने मुझे शून्य काल में अपने लोक सभा क्षेत्र धौरहरा सहित पूरे उत्तर प्रदेश की इस समय जो एक प्रमुख मांग है, उसकी तरफ सदन का ध्यान आकृष्ट कराने का अवसर दिया है ।

सभापति महोदया, हम लोग अपने क्षेत्र में जाते हैं, तो ग्रामीण इलाके के लोगों की पहली मांग होती है कि उनके ग्राम सभा में बारात घर का निर्माण करा दिया जाए ।

महोदया, पहले गांवों में प्राइमरी स्कूल में बारात रुकने की इजाज़त होती थी । इधर के दौर में प्राइमरी स्कूलों में बारात रुकने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश की प्रत्येक ग्राम सभा में, खासकर धौरहरा लोक सभा क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम सभा में बारात घर का निर्माण कराया जाए । जब तक बारात घर का निर्माण नहीं हो पा रहा है, तब तक प्राइमरी स्कूलों में बारातों को रुकने का अवसर प्रदान किया जाए, जिससे ग्रामीण इलाकों की प्रमुख समस्या का समाधान हो सके ।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।